भारत डायनामिक्स लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
रक्षा मंत्रालय
कंचनबाग, हैदराबाद – ५०० ०५८.
BHARAT DYNAMICS LIMITED
(A Government of India Enterprise)
Ministry of Defence
Kanchanbagh, Hyderabad - 500 058.

बीडीएल/104/सं.वि./जनसंपर्क/05 दि. 15 जुलाई, 2017

प्रेस-विज्ञप्ति

उत्साह से मनाया गया बी डी एल स्थापना दिवस समारोह

48वें बी डी एल स्थापना दिवस समारोह दि. 15 जुलाई, 2017 को बड़े उत्साह से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में कर्मचारी एवं उनके परिजन बड़े उत्साह के साथ भाग लिये।

समारोह के अवसर पर लगातार दूसरे वर्ष चेयरमैन कप का 'अंतर-इकाई टोर्नमेंट' आयोजित किया गया। पिछले वर्ष क्रिकेट मैच खेला गया जबकि इस वर्ष क्रिकेट के अतिरिक्त शटल बैडमिंटन भी आयोजित किया गया। इस टोर्नमेंट में कंचनबाग, भानूर, विशाखापट्टणम तथा बड़ामाफी से टीम ने प्रतिभाग लिया।

स्थापना दिवस समारोह के दौरान कर्मचारियों की उपलब्धियाँ, संगठन की वर्तमान स्थिति तथा भविष्य की योजनाओं से कर्मचारी व इनके परिजनों को अवगत कराया गया।

बी डी एल कर्मचारी व इनके परिजनों द्वारा किये गये सांस्कृतिक कार्यक्रमों से समारोह का समापन हुआ।